धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय : वानिज्य विभाग में विभागीय छात्र परिषद का गठन ।

February 24, 2023

धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर के वाणिज्य विभाग के द्वारा विभागीय परिषद के गठन के साथ पोस्टर, वित्तीय साक्षरता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

आज शुक्रवार को आयोजित वाणिज्य विभाग के इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार ने छात्रों को नियमित रूप से महाविद्यालय की वेशभूषा में उपस्थित होने के निर्देश दिये।

वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉ राजपाल सिंह रावत ने छात्र छात्राओं को वित्तीय साक्षरता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। पोस्टर प्रतियोगिता के आयोजन में विभाग के प्राध्यापक डॉ संजय कुमार, वित्तीय साक्षरता प्रतियोगिता में डॉ नताशा, एवं पोस्टर प्रतियोगिता के आयोजन में प्रबंधन विभाग की विभाग प्रभारी डॉ ज्योति शैली ने विशेष सहयोग किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में बीसीए विभाग के प्राध्यापक डॉ देवेंद्र कुमार एवं हिंदी विभाग के डॉक्टर जितेंद्र नौटियाल ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

विभागीय परिषद में अध्यक्ष पद पर बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कु० पूजा, उपाध्यक्ष पद पर एमकॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कु० सिमरन नेगी, सचिव पद पर बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र अनुभव, सह सचिव पद पर बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्र तुषार, कोषाध्यक्ष के पद पर बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र सार्थक रावत एवं साक्षी बिंजोला, इशा नेगी, नितिन नेगी, अमित, सुष्मिता नौटियाल को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में साक्षी बिंजोला प्रथम, कु पूजा द्वितीय, अंकित भट्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वित्तीय साक्षरता प्रतियोगिता में कु पूजा प्रथम, लोकेश डोभाल द्वितीय, सुष्मिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में पूजा प्रथम, अमन सजवान द्वितीय एवं ईशान नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम का संचालन डॉ सोनिया गंभीर ने किया।

उपस्थित छात्र-छात्राओं की संख्या:- 42

उपस्थित शिक्षकों की संख्या:- 10

Students of Commerce Department

Winners of the activities

Prize distribution
Feb 24, 2023 12:53:40 PM
Rishikesh - Chamba - Tehri Road
Pater Garhwal Division Uttarakhand
30°17'N 78°30'E
1242.8m Altitude
Google

Feb 24, 2023 12:54:19 PM
Rishikesh - Chamba - Tehri Road
Pater Garhwal Division Uttarakhand
30°17'N 78°30'E
1242.8m Altitude
Google

Link to newspaper: -

https://www.republicsandesh.com/formation-of-departmental-council-in-commerce-department/